हरिभूमि
सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 30 अगस्त 2026

06 बुजुर्गों के साथ युवाओं ने खेला डांडिया, मंगलगीत...



09 श्रावणी उपाकर्म आत्मशुद्धि और सदाचार का संकल्प लेने...



खबर संक्षेप

छात्रवृत्ति के लिए खोला गया एमपी टास्क और एनआईसी 2.0 पोर्टल

सीहोर। शासन के निर्देशानुसार अनुसूचित जाति प्री एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत शैक्षणिक वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 के नवीन एवं नवीनीकरण आवेदन और आवास सहायता के लिए 15 अगस्त से 30 अगस्त तक एमपी टॉस्क एवं एनआईसी 2.0 पोर्टल खोला गया है। नर्सिंग पाठ्यक्रम सहित अन्य सभी पाठ्यक्रमों के फिट पायी गयी संस्थाओं के ऐसे पात्र विद्यार्थी जो इन सत्रों की छात्रवृत्ति हेतु अभी तक आवेदन नहीं कर पाये हैं वे आवेदन कर सकते हैं।

2 सितंबर को निकलेगी वाहन रैली

सीहोर। नगर धाकड़ युवा संगठन के तत्वावधान में आराध्य देव भगवान श्री बलराम जी का जन्मोत्सव धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस पावन अवसर पर 2 सितंबर (बुधवार) को शहर में एक विशाल वाहन रैली का आयोजन किया जा रहा है। संगठन के अध्यक्ष विनोद नागर ने जानकारी देते हुए बताया कि समाज की एकता, संगठन और धार्मिक आस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से यह भव्य रैली आयोजित की जा रही है। वाहन रैली प्रातः 11:00 बजे भोपाल नाका से प्रारंभ होगी, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए बाल विहार ग्राउंड पर संपन्न होगी।

सीवन तट पर ब्राह्मणों ने हेमाद्री स्नान कर शुद्धिकरण किया

सीहोर। रक्षा बंधन के पर्व पर ब्राह्मणों ने सीवन तट पर हेमाद्री स्नान किया। इसके बाद श्रावणी उपाकर्म हुआ। पंडित पृथ्वी बल्लभ दुबे ने वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ मौजूद ब्राह्मणों को नया जनेऊ धारण कराया। रक्षाबंधन श्रावण पूर्णिमा के दिन किया जाने वाला यह धार्मिक अनुष्ठान श्रावणी उपाकर्म कहलाता है। यह वार्षिक संस्कार माना जाता है। पंडित दुबे के मुताबिक साधक सीवन तट पर स्नान करते हैं। गाय के दूध, दही, घी, गोमूत्र, भस्म, मिट्टी का उपयोग होता है। उद्देश्य शरीर और मन की शुद्धि रहता है। इसके बाद यज्ञोपवीत परिवर्तन होता है। विधि-विधान से पुराना जनेऊ उतारा जाता है। वेदमंत्रों के साथ नया जनेऊ धारण कराया जाता है। अनुष्ठान में ऋषि तर्पण भी किया जाता है। वेदों की रक्षा और ज्ञान का प्रसार करने वाले प्राचीन सप्तऋषियों, देवों, पितरों को जल अर्पित किया जाता है। यह अनुष्ठान आत्म-शुद्धि और प्रायश्चित के लिए किया जाता है। साल भर में जाने-अनजाने हुए पापों, वाणी की भूलों, खान-पान की अशुद्धियों का प्रायश्चित माना जाता है। प्राचीन काल में गुरुकुलों में श्रावणी पूर्णिमा से नया शैक्षणिक सत्र शुरू होता था। इसी दिन से वेदों का अध्ययन भी शुरू होता था। जनेऊ के तीन सूत्र देव ऋण, पितृ ऋण, ऋषि ऋण का संकल्प याद दिलाते हैं।

इछावर को छोड़कर जिले की किसी विधानसभा में जनप्रतिनिधियों ने नहीं लगाई चौपाल

जनप्रतिनिधियों की सुस्ती के बीच अफसरों ने संभाली कमान, बुधनी पहुंचे कलेक्टर-एसपी

कलेक्टर ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि जिन समस्याओं का समाधान तुरंत संभव है, उन्हें मौके पर ही हल किया जाए। शेष आवेदनों के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों की जवाबदेही तय की गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





जनसमस्याओं के मौके पर ही त्वरित निराकरण के लिए शुरू किए गए मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान को लेकर जिले में अजीब सी स्थिति देखने को मिल रही है। नियमतः हर शुक्रवार को आयोजित होने वाले इस अभियान में जहां जिले के जनप्रतिनिधियों की सुस्ती और अरुचि सामने आ रही है, वहीं प्रशासनिक अधिकारियों ने खुद इसकी कमान अपने हाथों में ले ली है। शुक्रवार को रक्षाबंधन के पर्व और शासकीय अवकाश के कारण यह कार्यक्रम शनिवार को आयोजित किया गया। हालांकि इछावर को छोड़कर जिले में कहीं जनप्रतिनिधियों द्वारा इस आयोजन को करने की जानकारी नहीं आई। जनप्रतिनिधियों की सुस्ती के बीच कलेक्टर बालागुरु के. और पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना ने जनसेवा का बीड़ा उठाते हुए खुद मोर्चा संभाला और सीधे बुधनी खजुरिया कलां पंचायत के ग्राम जाजनखेड़ी पहुंचे।

गांव में लगा जनता का दरबार, मौके पर हुए फैसले

जाजनखेड़ी में आयोजित विशेष शिविर में कलेक्टर और एसपी ने ग्रामीणों के बीच बैठकर सीधे संवाद किया। ग्रामीणों ने राशन, पेंशन, राजस्व, बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं से जुड़े अपने आवेदन सौंपे। कलेक्टर ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि जिन समस्याओं का समाधान तुरंत संभव है, उन्हें मौके पर ही हल किया जाए। शेष आवेदनों के लिए निश्चित समय-सीमा तय कर संबंधित विभागीय अधिकारियों की जवाबदेही तय की गई।

जानकारी के अभाव में न छूटे कोई पात्र

कलेक्टर बालागुरु के. ने शिविर में उपस्थित अधिकारियों और ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रशासन को जनता के द्वार तक लाना है, ताकि ग्रामीणों को छोटे-छोटे कामों के लिए जिला मुख्यालय के चक्कर न काटने पड़ें। उन्होंने स्पष्ट कहा सूचना और तकनीक के इस दौर में सरकार की अनेक कल्याणकारी योजनाएं चल रही हैं। जानकारी के अभाव में कोई भी पात्र हितग्राही लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं की पात्रता और आवेदन प्रक्रिया को बेहद सरल भाषा में ग्रामीणों को समझाया जाए। शिविर स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी भी दी गई।

एसपी ने दिए साइबर सुरक्षा के टिप्स : शिविर में पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना ने बढ़ते डिजिटल अपराधों के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ अपना बैंक खाता नंबर, पासवर्ड, एटीएम पिन या ओटीपी साझा न करें। एसपी ने कहा कि साइबर ठगी का शिकार होने पर तुरंत पुलिस और संबंधित हेल्पलाइन को सूचित करें। साथ ही उन्होंने बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को सुरक्षा संबंधी कानूनों और उनके अधिकारों की जानकारी दी।

स्कूल का औचक निरीक्षण, शिक्षा व्यवस्था परखी, मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया

जाजनखेड़ी में शिविर संपन्न करने के बाद कलेक्टर और एसपी सीधे ग्राम निपानिया कलां स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहुंचे। यहाँ उन्होंने कक्षाओं का औचक निरीक्षण कर विद्यार्थियों से बातचीत की और शिक्षा की गुणवत्ता, स्वच्छता तथा पेयजल-शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का माहौल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, वहीं एसपी ने विद्यार्थियों से संवाद कर सुरक्षा और जागरूकता का पाठ पढ़ाया।

धामंदा में आयोजित मुख्यमंत्री जन विश्वास कार्यक्रम में राजस्व मंत्री शामिल हुए



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत ग्राम धामंदा में भ्रमण एवं शिविर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा शामिल हुए।

इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं, शिकायतों एवं आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त की। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे तथा ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी एवं हितग्राही मूलक योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई।

राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान का उद्देश्य शासन और आमजन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना तथा ग्रामीणों की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीणों द्वारा प्रस्तुत आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए नियमानुसार एवं समय-सीमा में निराकरण किया जाए। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल के माध्यम से ग्रामीणों को योजनाओं की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया एवं उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी गई। मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने ग्रामीणों से भी अपील की कि वे योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर स्वयं लाभ लें और अन्य पात्र नागरिकों को भी इसके लिए जागरूक करें।

29.16 इंच औसत बारिश दर्ज: पिछले साल से कम सीहोर तहसील 36 इंच के साथ सबसे आगे

सीहोर। सीहोर में मानसून सक्रिय बना हुआ है। 29 अगस्त को समाप्त हुए पिछले 24 घंटों में जिले में औसतन 0.44 इंच बारिश दर्ज की गई। 1 जून से 27 अगस्त तक इस मानसून सीजन में जिले की कुल औसत वर्षा 29.16 इंच रही है, जो पिछले साल की इसी अवधि में हुई 32.06 इंच बारिश से कम है। जिले की सामान्य औसत वर्षा 45.21 इंच है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 48 घंटे जिले में बादल छाए रहने और कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है।



रेहटी में सबसे ज्यादा बारिश

बीते 24 घंटों में तहसीलवार आंकड़ों के अनुसार रेहटी में सबसे ज्यादा 1.51 इंच बारिश दर्ज की गई। सीहोर में 0.86 इंच, श्यामापुर और बुधनी में 0.36-0.36 इंच, भैंरुंदा में 0.31 इंच, जावर में 0.07 इंच और आष्टा में 0.04 इंच बारिश हुई। इच्छावर तहसील में इस अवधि के दौरान बारिश दर्ज नहीं की गई।

सीहोर तहसील में सबसे ज्यादा कुल बारिश

मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, इस मानसून सीजन में अब तक सीहोर तहसील में सबसे ज्यादा 35.98 इंच बारिश दर्ज की गई है। इसके बाद रेहटी में 33.54 इंच, भैंरुंदा में 31.96 इंच, बुधनी में 29.68 इंच, आष्टा में 27.79 इंच, इच्छावर में 26.45 इंच, श्यामापुर में 26.36 इंच और जावर में 21.53 इंच कुल वर्षा दर्ज की गई है।

कम दबाव और साइक्लोनिक सर्कुलेशन का असर

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार बंगाल की खाड़ी में बने कम दबाव के क्षेत्र, मध्य प्रदेश से गुजर रहे साइक्लोनिक सर्कुलेशन और मॉनसून ट्रफ के कारण प्रदेश में नमी आ रही है। इसी वजह से सीहोर और आसपास के इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश का दौर जारी है।

अगले 48 घंटे बारिश के आसार

मौसम विभाग ने आगामी 48 घंटों में जिले में बादल छाए रहने और कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बौछारें पड़ने की संभावना जताई है। अनुमान है कि महीने के अंत तक बारिश का यह दौर रुक-रुककर जारी रह सकता है। बारिश के चलते तापमान में गिरावट आने के साथ मौसम में ठंडक बनी रहने की संभावना है।

दो वर्ष तक लेन-देन नहीं करने पर बैंक खाता हो सकता है निष्क्रिय

सीहोर। यदि किसी बैंक खाते में लगातार दो वर्ष या उससे अधिक समय तक कोई लेन-देन नहीं किया जाता है, तो वह खाता निष्क्रिय (इनऑपरेटिव) हो सकता है। ऐसे खाते का उपयोग दोबारा करने के लिए खाताधारक को अपने संबंधित बैंक से संपर्क कर आवश्यक प्रक्रिया पूरी करनी होगी। निष्क्रिय खाते को पुनः सक्रिय कराने के लिए खाताधारक अपने बैंक की किसी भी शाखा में जाकर अथवा उपलब्ध होने पर वीडियो केवाईसी सुविधा के माध्यम से अपना केवाईसी अपडेट करा सकते हैं। इसके बाद बैंक द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार खाते को पुनः सक्रिय किया जा सकता है। बैंक उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे अपने बैंक खातों में समय-समय पर लेन-देन करते रहें तथा आवश्यकता पड़ने पर केवाईसी अपडेट कराकर अपने खाते को सक्रिय बनाए रखें, ताकि बैंकिंग सेवाओं का निर्बाध लाभ मिलता रहे।

रक्षा बंधन महोत्सव वृद्धाश्रम में मनाया गया, खीर पूड़ी का वितरण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



इस साल भी शहर के संकल्प वृद्धाश्रम में रक्षा बंधन का पर्व आस्था और उत्साह के साथ मनाया गया। इस मौके पर नशा मुक्ति केन्द्र में करीब 150 से अधिक हितग्राही, स्टाफ और आश्रम में निवासरत करीब दो दर्जन से अधिक बुजुर्गों ने आशीर्वाद दिया। श्रद्धा भक्ति सेवा समिति के संचालक राहुल सिंह के निर्देश पर आयोजित महोत्सव की शुरूआत भजन कीर्तन के साथ की गई।

कार्यक्रम के दौरान आश्रम के केयर टेकर आनंद व्यास, बाबू सिंह, रितेश माहेश्वरी ने यहां पर आने वाले समाजसेवी विवेक रुठिया आदि का स्वागत किया। समाजसेवी विवेक रुठिया ने यहां पर निवासरत वृद्धजनों को बिस्कुट के पैकेट आदि का वितरण करते हुए कहाकि बुजुर्गों की सेवा करना ही भगवान की सेवा है।

रक्षा सूत्र भाई के जीवन में विजय और कार्यसिद्धि का मार्ग प्रशस्त करता : इस मौके पर पंडित सुनील पाराशर ने बताया कि विधिपूर्वक बांधा गया रक्षा सूत्र भाई के जीवन में विजय और कार्यसिद्धि का मार्ग प्रशस्त करता है। रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के प्रेम का पर्व ही नहीं रक्षा का पर्व है। असुरों के राजा बलि ने अपने बल और पराक्रम से तीनों लोकों पर अधिकार कर लिया था। राजा बलि के इस पराक्रम को देखकर स्वर्ग के राजा इंद्रदेव घबरा गए और भगवान विष्णु के पास मदद मांगने पहुंचे। इंद्र की प्रार्थना स्वीकार कर भगवान विष्णु ने वामन अवतार धारण किया और राजा बलि से भिक्षा मांगने पहुंच गए। वामन भगवान ने दानवीर बलि से तीन पग भूमि मांगी। अपने पहले और दूसरे पग में भगवान ने धरती और आकाश नाप लिया। इसके बाद तीसरा पग रखने के लिए कुछ बचा नहीं तो राजा बलि ने तीसरा पग अपने सिर पर रखने के लिए कहा। भगवान वामन ने ऐसा ही किया। इस तरह देवताओं की दुविधा समाप्त हो गई और भगवान राजा बलि के दान से प्रसन्न हुए।

निर्मित और निर्माणाधीन खेल अधोसंरचनाओं का किया गया निरीक्षण

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर प्रमुख सचिव ने किया जिले के खेल परिसरों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



खेल एवं युवा कल्याण विभाग, मध्यप्रदेश के प्रमुख सचिव संजीव सिंह द्वारा शनिवार को सीहोर जिले का भ्रमण कर जिले में संचालित खेल प्रशिक्षण केंद्रों, खेल आयोजनों तथा निर्मित एवं निर्माणाधीन खेल अधोसंरचनाओं का निरीक्षण किया गया।

भ्रमण के दौरान प्रमुख सचिव संजीव सिंह ने चर्च ग्राउंड फुटबॉल स्टेडियम, इंडोर स्टेडियम, बैडमिंटन हॉल एवं वेटलिफ्टिंग हॉल सहित विभिन्न खेल परिसरों का निरीक्षण किया। उन्होंने खेल सुविधाओं की व्यवस्थाओं एवं खिलाड़ियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस अवसर पर राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद जी की जयंती पर प्रमुख सचिव संजीव सिंह द्वारा उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्रमुख सचिव ने खिलाड़ियों एवं खेल से जुड़े अधिकारियों को राष्ट्रीय खेल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए खेल गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने तथा जिले में खेल प्रतिभाओं को बेहतर अवसर एवं सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया। इस अवसर पर तहसीलदार एवं सीहोर अमित सिंह, संभागीय अधिकारी रुबिका दीवान सहित खेल विभाग के समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

तीन सड़क हादसों में 3 लोग हुए घायल

सीहोर। थाना इछावर के पेट्रोल पम्प के पास नादान रोड इछावर के पास अज्ञात कार के चालक ने अपने वाहन को अनियंत्रित गति से चलाते हुए फरियादी धन सिंह की मोटर सायकल में टक्कर मार दी। जिससे फरियादी को चोटे आई है।

पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष का अनोखा प्रदर्शन

भौरासा। शुक्रवार को रक्षाबंधन के उपलक्ष में जहां त्योहार को लेकर पूरे नगर में रौनक बनी हुई थी तो वही महंगाई के खिलाफ पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष नगजीराम यादव द्वारा एक अनूठा विरोध प्रदर्शन किया गया। उन्होंने अपने हाथों में एक किलो शक्कर की थैली अपने हाथो मे रखी और पूरे नगर में दुकान दुकान जाकर एक-एक चुटकी भर शक्कर बाटते हुए नजर आए जिसकी पूरे नगर में चर्चा है। इस अनोखे प्रदर्शन के पीछे शक्कर की बढ़ती कीमतों को बताया जा रहा है।

ब्राह्मण महासंघ का श्रावणी उपाकर्म संपन्न

देवास। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासंघ का श्रावणी उपाकर्म शिव मदन वैदिक पाठशाला के विद्वान पंडित डॉ. देवनायक मिश्र, सूर्य प्रकाश मिश्र, पं कपिल शास्त्री के आचार्यत्व में महासंघ अध्यक्ष पं. दिनेश मिश्रा की अध्यक्षता में स्थानीय मंडी धर्मशाला में संपन्न हुआ। युवा संघ अध्यक्ष छोटू पांडे संयोजक मयंक उपाध्याय ने बताया कि श्रावणी उपाकर्म प्रातः 8.30 से प्रारंभ होकर 10 विधि स्नान कर उपस्थित ब्राह्मण बंधुओ ने मंत्र उच्चारण के साथ यज्ञोपवीत धारण किया। पश्चात हवन पूजन कर संस्कृत दिवस मनाया गया। इस दौरान कई विप्रजन उपस्थित थे।

भुजरिया देकर लिया आशीर्वाद, एक-दूसरे के गले मिलकर दी शुभकामनाएं

बुजुर्गों के साथ युवाओं ने खेला डांडिया, मंगलगीत गाए, नर्मदा तट पहुंचकर किया भुजरिया विसर्जन

ग्राम चौरसाखेड़ी में सदियों पुरानी लोकपरंपरा का दिखा अनूठा संगम, भुजरिया देकर लिया बड़ों का आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा





रक्षाबंधन के दूसरे दिन शनिवार को भैरूंदा नगर सहित ग्रामीण अंचलों में लोक आस्था, हरियाली और सामाजिक सौहार्द का पर्व भुजरिया पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। ग्रामीण अंचलों सहित ग्राम चौरसाखेड़ी में पर्व का विशेष रंग देखने को मिला। यहां बुजुर्गों के साथ युवाओं ने ढोलक की थाप पर डांडिया खेलकर सदियों पुरानी लोकपरंपरा को जीवंत किया। वहीं महिलाओं की टोलियां सिर पर हरी भुजरिया से सजी टोकरियां लेकर मंगलगीत गाते हुए नर्मदा तट पहुंचीं। विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद भुजरिया का नर्मदा जल में विसर्जन किया गया। इस दौरान अच्छी बारिश, खेतों में भरपूर फसल और परिवार में सुख-समृद्धि की कामना की गई।

भुजरिया पर्व को कई क्षेत्रों में कजली या कजलियां के नाम से भी जाना जाता है। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और बुंदेलखंड अंचल में मनाया जाने वाला यह पारंपरिक पर्व रक्षाबंधन के अगले दिन भाद्रपद कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा को मनाया जाता है। लोकमान्यता के अनुसार यह पर्व हरियाली, नई फसल, सुख-समृद्धि और आपसी भाईचारे का प्रतीक है।

मंगलगीत गाते हुए नर्मदा तट पहुंचीं महिलाएं, पूजन अर्चन कर विसर्जन किए

भुजरिया पर्व को लेकर ग्रामीण अंचलों सहित चौरसाखेड़ी में सुबह से ही पर्व को लेकर उत्साह का माहौल रहा। कई दिनों से घरों में तैयार की जा रही भुजरिया को शनिवार को विशेष रूप से टोकरियों में सजाया गया। महिलाएं समूह में एकत्रित हुईं और पारंपरिक तरीके से सिर पर भुजरिया की टोकरियां रखकर मंगलगीत गाते हुए नर्मदा तट की ओर रवाना हुईं।

ग्रामीण रास्तों से गुजरती महिलाओं की टोलियों के कारण वातावरण लोकगीतों से गूंजता रहा। नर्मदा तट पहुंचने के बाद महिलाओं ने भुजरिया को नदी किनारे रखा। इसके बाद विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया गया। जल अर्पित कर परिवार और समाज की सुख-शांति के साथ अच्छी वर्षा और खेतों में भरपूर पैदावार की कामना की गई। पूजन के बाद श्रद्धापूर्वक भुजरिया का नर्मदा जल में विसर्जन किया गया।

बुजुर्गों के साथ युवाओं ने थामी डांडिया मनाया भुजरिया पर्व

भुजरिया पर्व का सबसे आकर्षक दृश्य उस समय दिखाई दिया, जब चौरसाखेड़ी में बुजुर्गों के साथ युवाओं ने डांडिया खेलना शुरू किया। ढोलक की थाप और लोकगीतों के बीच बुजुर्गों ने डांडिया की परंपरा संभाली तो युवाओं ने पूरे उत्साह के साथ उनका साथ दिया। उम्र का अंतर भूलकर एक साथ डांडिया खेलते बुजुर्ग और युवा पीढ़ियों के बीच जुड़ाव और सामाजिक एकता का संदेश देते नजर आए।

बुजुर्गों ने बताया कि पहले भुजरिया पर्व गांव के सामाजिक जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा हुआ करता था। महिलाएं समूह में भुजरिया लेकर निकलती थीं और पुरुष व युवा लोकगीत, नृत्य और डांडिया में शामिल होते थे। आधुनिकता के दौर में कई लोकपरंपराएं धीरे-धीरे बदल रही हैं, ऐसे में युवाओं का इस आयोजन में शामिल होना संस्कृति को आगे बढ़ाने का सकारात्मक संदेश है।

सावन में बोए जाते हैं गेहूं-जौ के दाने

भुजरिया तैयार करने की परंपरा भी कृषि और प्रकृति से जुड़ी है। सावन मास में छोटी-छोटी टोकरियों में मिट्टी भरकर गेहूं या जौ के दाने बोए जाते हैं। इन्हें घर के सुरक्षित स्थान पर रखकर नियमित पानी दिया जाता है। कुछ ही दिनों में इनमें हरे अंकुर निकल आते हैं। रक्षाबंधन तक इनके पौधे हरे-भरे हो जाते हैं। इन्हीं हरे पौधों को भुजरिया, कजली या कजलियां कहा जाता है।

कृषि प्रधान ग्रामीण अंचल में हरी भुजरिया को अच्छी बारिश, नई फसल, हरियाली और खुशहाली का प्रतीक माना जाता है। पर्व के माध्यम से ग्रामीण प्रकृति के प्रति आस्था व्यक्त करते हुए आने वाले कृषि वर्ष में अच्छी पैदावार और परिवार में सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। चौरसाखेड़ी में बुजुर्गों और युवाओं की सहभागिता ने इस लोकपर्व को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का संदेश भी दिया।

एक-दूसरे को भुजरिया भेंट कर पर्व की शुभकामनाएं दी

विसर्जन के बाद ग्रामीणों ने एक-दूसरे को भुजरिया भेंट कर पर्व की शुभकामनाएं दीं। युवाओं ने बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया। कई स्थानों पर लोग एक-दूसरे से गले मिले और भुजरिया देकर प्रेम, भाईचारे और सामाजिक सौहार्द की भावना को मजबूत किया।



उत्साह के साथ मनाया भुजरिया पर्व

सीहोर। शनिवार को नगर के गंज क्षेत्र स्थित कुम्हार मोहल्ले में पारंपरिक भुजारिया पर्व बड़े ही हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ सभी सामाजिक बंधुओं के साथ मनाया। सामाजिक बंधुओं के साथ पारंपरिक भजनों पर झूमते हुए एवं डंडा खेलते हुए भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति ने इस लोकपर्व की खुशियाँ मनायी। यह पर्व हमारी लोक संस्कृति, परंपराओं और आपसी भाईचारे की सुंदर झलक प्रस्तुत करता है। हमारी गौरवशाली परंपराएँ सदैव जीवंत रहें और समाज में प्रेम,एकता एवं सद्भाव बना रहे।



ओरछा में आयोजित प्रदेश भाजपा कार्यसमिति में शामिल होंगे जसपाल सिंह अरोरा, रवाना हुए



सीहोर। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, सीहोर जिला पंचायत एवं सीहोर नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा ओरछा में आयोजित भाजपा प्रदेश कार्यसमिति में शामिल होंगे। कार्यसमिति में शामिल होने के लिए वे ओरछा के लिए रवाना हुए। वे 30 एवं 31 अगस्त को दो दिनों तक ओरछा में रहेंगे। उन्होंने बताया कि श्रीराम लला की नगरी ओरछा में होने जा रही प्रदेश भाजपा कार्यसमिति में वरिष्ठ नेताओं का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। इस दौरान विभिन्न मुद्दों एवं आगामी कार्ययोजना को लेकर चर्चा होगी।

एडीएम ने श्यामपुर तहसील के नवनिर्मित भवन का किया निरीक्षण

सीहोर। अपर कलेक्टर बृजेश सक्सेना ने श्यामपुर तहसील के नवनिर्मित भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने तहसील कार्यालय में संचालित विभिन्न गतिविधियों एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कार्यालय के विभिन्न कक्षों, अभिलेखों के रखरखाव तथा आमजन से संबंधित कार्यों की जानकारी ली।



निरीक्षण के दौरान एडीएम ने अधिकारियों-कर्मचारियों को कार्यालयीन कार्यों का व्यवस्थित एवं समयबद्ध तरीके से संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आमजन को राजस्व संबंधी सेवाओं का लाभ सुगमता से उपलब्ध कराने तथा कार्यालय की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार संतराव देशमुख, लोक सेवा प्रबंधक विजय बामकले, सहायक संचालक हथकरघा आकाश गोयल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

कमलापुर पुलिस ने अवैध हथियार के साथ आरोपी किया गिरफ्तार


हरिभूमि न्यूज ⏭ चापडा

ऑपरेशन प्रहार तहत कमलापुर पुलिस ने अवैध हथियार रखने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 315 बोर का देशी कट्टा बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ पूर्व से चोरी, नकबजनी, डकैती, अवैध हथियार और मारपीट सहित 8 से अधिक आपराधिक प्रकरण दर्ज बताए गए हैं। थाना प्रभारी सर्जन सिंह मीणा ने बताया कि विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली थी कि करौंदिया फाटे स्थित यात्री प्रतीक्षालय के पास एक संदिग्ध युवक अवैध हथियार लेकर मौजूद है। सूचना पर पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मौके पर दबिश दी और संदिग्ध वसील उर्फ वासिल शेख पिता अजीज शेख, उम्र 28 वर्ष, निवासी बड़ा मोहल्ला कमलापुर को हिरासत में लिया। पुलिस ने अवैध हथियार जब्त कर आरोपी के खिलाफ धारा 25 एवं 27 आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।



प्रमुख सचिव ने कान्या खेड़ी परियोजना का किया निरीक्षण

सीहोर। जल संसाधन विभाग के प्रमुख सचिव संदीप यादव ने कान्या खेड़ी परियोजना का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परियोजना के विभिन्न कार्यों एवं गतिविधियों का मौके पर पहुंचकर जायजा लिया तथा अधिकारियों से परियोजना की प्रगति और वर्तमान स्थिति की जानकारी प्राप्त की। प्रमुख सचिव ने परियोजना से संबंधित कार्यों निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए परियोजना के कार्यों में गति लाने तथा संबंधित व्यवस्थाओं को बेहतर तरीके से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



राशन दुकान की बदहाल व्यवस्था पर एसडीएम ने जताई नाराजगी

जर्जर भवन में तिरपाल के नीचे रखा मिला खाद्यान्न

कीचड़ भरे रास्ते से परेशान हो रहे हितग्राही

हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी

मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान 2026 के तहत शनिवार को एसडीएम संजीव कुमार नागू ने नगर की विभिन्न शासकीय संस्थाओं का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सांदीपनी स्कूल,सेवा सहकारी समिति और वार्ड क्रमांक-3 स्थित शासकीय उचित मूल्य की दुकान की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। उचित मूल्य की दुकान की बदहाल स्थिति सामने आने पर एसडीएम ने व्यवस्थाओं को लेकर चिंता जताई और जल्द सुधार के निर्देश दिए।

निरीक्षण की शुरुआत सांदीपनी स्कूल से हुई एसडीएम ने स्कूल की शैक्षणिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया और विद्यार्थियों से सीधे संवाद कर पढ़ाई एवं शिक्षण व्यवस्था की जानकारी ली। इसके बाद वे सेवा सहकारी समिति पहुंचे,जहां कर्मचारियों की उपस्थिति,यूरिया के उपलब्ध स्टॉक और किसानों को खाद वितरण की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी ली उन्होंने खाद वितरण व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के निर्देश दिए।

इसके बाद एसडीएम ने वार्ड क्रमांक-3 स्थित शासकीय उचित मूल्य की दुकान का निरीक्षण किया यहां खाद्यान्न के स्टॉक और वितरण व्यवस्था की जानकारी लेने के दौरान दुकान की बदहाल स्थिति सामने आई उचित मूल्य की दुकान पुराने और जर्जर भवन में संचालित होती मिली। बारिश के मौसम में हितग्राहियों के लिए रखा खाद्यान्न तिरपाल से ढंककर रखा गया था। दुकान तक पहुंचने वाले रास्ते पर कीचड़ जमा होने के कारण राशन लेने आने वाले हितग्राहियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। व्यवस्थाओं की स्थिति देखकर एसडीएम ने चिंता जताई उन्होंने कहा कि उचित मूल्य की दुकान की व्यवस्थाओं में जल्द सुधार किया जाएगा, ताकि गरीब और जरूरतमंद हितग्राहियों को राशन लेने में किसी तरह की परेशानी न हो। एसडीएम संजीव कुमार नागू ने बताया कि मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान 2026 के माध्यम से प्रशासन और आम जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने तथा शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीनी स्थिति जानने का प्रयास किया जा रहा है। अभियान के तहत प्रत्येक शुक्रवार को प्रशासनिक अधिकारी फील्ड में पहुंचकर विभिन्न शासकीय संस्थाओं का निरीक्षण कर रहे हैं स्कूल, आंगनबाड़ी,स्वास्थ्य केंद्र, उचित मूल्य की दुकान सहित अन्य संस्थाओं की व्यवस्थाओं को मौके पर जाकर देखा जा रहा है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को रक्षाबंधन पर्व के चलते अवकाश होने के कारण शनिवार को विभिन्न संस्थाओं का निरीक्षण किया गया। अभियान का उद्देश्य शासकीय योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना, व्यवस्थाओं में सुधार करना और प्रशासन को जनता के प्रति अधिक जवाबदेह बनाना है।





डीडी कॉन्वेंट स्कूल की बालिका वॉलीबॉल टीम जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम



हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी

लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा आयोजित जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में डीडी कॉन्वेंट स्कूल बुधनी की अंडर-19 बालिका वॉलीबॉल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता का आयोजन 21 अगस्त को इछावर विकासखंड मुख्यालय स्थित सांदीपनी स्कूल में किया गया था।प्रतियोगिता में डीडी कॉन्वेंट स्कूल की बालिका खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए इछावर और सीहोर की टीमों को पराजित कर विजेता का खिताब अपने नाम किया। टीम की शानदार सफलता के साथ ही डीडी कॉन्वेंट स्कूल की 9 बालिका खिलाड़ियों का संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। संभाग स्तरीय प्रतियोगिता ब्यावरा में 17 एवं 18 नवंबर को आयोजित की जाएगी। टीम ने यह सफलता कोच आकाश मसीह के निर्देशन और खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत के दम पर हासिल की टीम के लगातार बेहतर प्रदर्शन से स्कूल के साथ ही बुधनी नगर का नाम भी गौरवान्वित हुआ है। टीम की इस उपलब्धि पर संस्था संचालक जेके त्रिपाठी एवं समस्त विद्यालय परिवार ने विजेता खिलाड़ियों और कोच आकाश मसीह को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

हादसे के वक्त बस में सवार ज्यादातर यात्री गहरी नींद में थे

तेज रफ्तार स्लीपर बस ब्यावरा के भोपाल बायपास पर अनियंत्रित होकर घुमावदार ब्रिज की दीवार से टकराई







हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

तेज रफ्तार स्लीपर बस क्रमांक एनएल 01.बी 3436 ब्यावरा शहर के भोपाल बायपास पर अनियंत्रित होकर घुमावदार ब्रिज की दीवार से टकराती हुई दूर तक रगड़ाती चली गई। हादसे के वक्त बस में सवार ज्यादातर यात्री गहरी नींद में थे। इस भीषण टक्कर में ऊपर की अपर बर्थ पर सो रहे 4 यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि 12 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए ब्यावरा सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहा प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रेफर कर दिया। हादसा शुक्रवार सुबह करीब 7:35 बजे का बताया जा रहा है।

मृतकों में ड्राइवर और सायबर इंस्पेक्टर शामिल

इस हादसे में जान गंवाने वालों में बस ड्राइवर और बेंगलुरु में पदस्थ सायबर इंस्पेक्टर रवि केबी (45) शामिल हैं। रवि केबी अपनी सायबर टीम के साथ एक आरोपी को पकड़ने इंदौर आ रहे थे। उनकी टीम के विश्वनाथ और रमेश नायक भी घायल हुए हैं। पुलिस के अनुसार हादसे में जौनपुर, कानपुर, अलीगढ़, सीतापुर और बेंगलुरु के यात्री शामिल हैं।

घायलों को ब्यावरा सिविल अस्पताल लाया गया, जहा पर प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर घायलों को भोपाल रेफर कर दिया गया। इस में सुरेंद्र प्रताप सिंह, सुमन शर्मा, श्रीनिवास और केशव को गंभीर हालत में भोपाल रेफर किया गया।

तेज रफ्तार चल रही बस हुई अनियंत्रित

यात्रियों ने बताया कि ड्राइवर बस को तेज रफ्तार में चला रहा था। बस को सुबह 8.30 बजे इंदौर पहुंचना था, लेकिन वह लेट हो चुकी थी। अचानक करीब 80 डिग्री के कर्व पर बस सेफ्टी वॉल से टकराई और फिर सीधी हो गई। इससे कई यात्री नीचे गिर गए। हमें एकदम समझ नहीं आया कि क्या हुआ। हादसे में घायल केशव सिंह बुरी तरह चिल्ला रहे थे। बचाने की गुहार लगा रहे थे। डॉक्टरों के अनुसार, उनके इंटरनल ऑर्गन डैमेज हुए हैं।

अचानक ब्रिज से नीचे गिरने लगे लोग

प्रत्यक्षदर्शी आशीष चंद्रवंशी ने बताया कि वे हाईवे के किनारे खड़े थे। सुबह अचानक तेज आवाज आई और लोग नीचे गिरने लगे। उन्होंने देखा कि तीन लोग नीचे गिरे, जिनकी मौत हो गई। एक व्यक्ति ऊपर ही गिरा, उसकी भी मौत हो गई। यह हादसा बहुत ही भयानक हुआ है, जिसने भी इनको देखा उन्हे झकझोर कर रख दिया गया। जानकारी के मुताबिक मरने वालों में मृतक रवि के.बी. (45 वर्ष) बेंगलुरु साइबर क्राइम पुलिस के इंस्पेक्टर, विकास शुक्ला (29 वर्ष) बस चालक, निवासी फतेहपुर, उत्तर प्रदेश, बेलाल अली (23 वर्ष) निवासी गोपालगंज, बिहार, ज्योतिरादित्य सिंह गौड़, निवासी बिजवाड़ शामिल है।



हादसे में यह हुए घायल

- श्रीनिवास (50 वर्ष) , कर्नाटक पुलिस के एएसआई
- अमित कुमार (40 वर्ष) मोहम्मदपुर, जौनपुर
- सुरेंद्र प्रताप सिंह (68 वर्ष) हुरुरी, जौनपुर
- सुमन शर्मा (36 वर्ष) कानपुर
- केशव (28 वर्ष) मथुला, अलीगढ़
- मीनू सिंह (37 वर्ष) जौनपुर
- रक्षित सिंह (13 वर्ष) जौनपुर
- रवि शर्मा (42 वर्ष) कानपुर
- पार्थ शर्मा (8 वर्ष) कानपुर

इनका कहना है...

प्रथम दृष्टया हादसा ओवर स्पीड के कारण होना लग रहा है। बिज पर कर्व होने की वजह से बस के अनियंत्रित होने की आशंका है। पुलिस हादसे की जांच कर रही है।

- अमित तोलानी
पुलिस अधीक्षक जिला राजगढ़।

श्रावणी उपाकर्म आत्मशुद्धि और सदाचार का संकल्प लेने का पर्वः मंत्री डॉ टेटवाल

कपिलेश्वर तीर्थधाम में कालीसिंध के जल में किया स्नान

हेमाद्रि संकल्प के साथ ऋषिपूजन यज्ञोपवीत पूजन व हवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

श्रावण शुक्ल पूर्णिमा के पावन अवसर पर सारंगपुर स्थित कपिल मुनि की तपोभूमि कपिलेश्वर तीर्थधाम में श्रावणी उपाकर्म का आयोजन वैदिक परंपराओं एवं धार्मिक विधि-विधान के साथ किया गया। मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने कालीसिंध नदी के पवित्र जल में स्नान कर हेमाद्रि संकल्प लिया। इसके बाद ऋषिपूजन, सूर्योपस्थान एवं यज्ञोपवीत पूजन के साथ हवन में आहुति देकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। मंत्री डॉ. टेटवाल ने कहा कि श्रावणी उपाकर्म प्रत्येक सनातनी के लिए महत्वपूर्ण पर्व है। यह केवल धार्मिक कर्मकांड नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि, संस्कार और सदाचार का संकल्प लेने का अवसर है। उपाकर्म के तीन प्रमुख पक्ष प्रायश्चित, संस्कार और स्वाध्याय हैं। यह पर्व व्यक्ति को अपने आचरण का आत्मावलोकन करने तथा संयमित एवं सदाचारी जीवन



जीने की प्रेरणा देता है।कपिलेश्वर तीर्थधाम में पंडित पवन पारीक, पंडित भूपेंद्र जोशी, पंडित कैलाश शर्मा एवं पंडित बालकृष्ण शर्मा के सानिध्य में धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज अध्यक्ष आशुतोष वेद, पूर्व अध्यक्ष संजय शर्मा सहित बड़ी संख्या में समाजजन एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। वैदिक मंत्रोच्चार और हवन से पूरा तीर्थ परिसर भक्तिमय रहा तथा श्रद्धालुओं ने हर-हर महादेव के जयघोष के साथ भगवान कपिलेश्वर महादेव के दर्शन किए।

श्रद्धा जीवन्त दृढ़ और अविचल होनी चाहिएः स्वामी संनिष्ठानंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर



श्री केशव सत्संग भवन खानपुरा मंदसौर में आयोजित चातुर्मास ज्ञानयज्ञ शिवपुराण रहस्य कथा में स्वामी श्री संनिष्ठानंदजी ने बहुत ही सरल शब्दों में प्रवचन देते हुए बताया कि श्रद्धा में अडिंग रहे। श्रद्धा जीवन्त, दृढ़ और अविचल होनी चाहिये। बुद्धि जीवन के आदर्शों का विश्लेषण करती है, श्रद्धा उन आदर्शों को हमारे अंदर बनाए रखती है। जहाँ श्रद्धा नहीं वहां भक्ति नहीं होती और न वहां ज्ञान ही होता है। श्रद्धा से बल मिलता है और मन की चिंताए दूर होती है। भगवत स्वरूप में प्रवेश का द्वार श्रद्धा ही है। स्वस्थ शरीर के लिये भोजन किया जाता है और उसे विधिपूर्वक पचाया जाता है। वैसे ही स्वस्थ मन के लिये गुरू उपदेशों का श्रवण किया जाता और पुनः मनन द्वारा आत्मसात किया जाता है। प्रवचन के दौरान जगदीचन्द्र सेठिया, राधेश्याम गर्ग, जयप्रकाश गर्ग, जगदीश भावसार, प्रवीण देवड़ा, प्रदीप देवड़ा, मदनलाल गेहलोद, नारायण शर्मा, रामेश्वर नागदा, जगदीश गर्ग सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित रहे।

बाजारों में चहल-पहल रही, खूब हुआ व्यापार

पवित्र प्रेम, स्नेह और विश्वास का पर्व रक्षाबंधन नगर व आसपास के क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ मनाया

बहनों ने भाइयों की कलाइयों पर राखी बांधकर मुंह मीठा कराया



हरिभूमि न्यूज ⏭ भानपुरा/मंदसौर

नगर मुख्यालय भानपुरा सहित तहसील क्षेत्र में भाई बहन के अटूट प्रेम, सुरक्षा, स्नेह व विश्वास के संकल्प का प्रतीक रक्षाबंधन का पावन पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बाजारों में खूब चहल-पहल रही। बहनों ने राखियां को मिठाई खरीदी साथ ही घरों पर बहनों के आगमन से उमंग उत्साह अपनेपन का उल्लास रहा। शुक्रवार को रक्षाबंधन के पर्व को लेकर नगर में सुबह से ही अच्छी खासी रौनक दिखाई दी। रक्षाबंधन के पर्व को लेकर बहनों ने सज धज कर राखी के थाल सजाकर भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर मिठाई खिलाई। भाइयों ने भी बहनों को उपहार दिए। रक्षाबंधन के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी आश्रम भानपुरा में भी रक्षाबंधन पर्व मनाया गया। ब्रह्माकुमारी बहन सावित्री दीदी ने भाइयों को रक्षा सूत्र बांधकर स्वस्थ जीवन की मंगल कामनाएं की।



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर

भाई-बहन के पवित्र प्रेम, स्नेह और विश्वास का पर्व रक्षाबंधन शुक्रवार को नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही घरों में उत्सव का माहौल रहा। बहनों ने पूजा की थाली सजाकर भाइयों का तिलक किया, आरती उतारी और उनकी कलाई पर प्रेम एवं रक्षा का प्रतीक राखी बांधी। इसके बाद भाइयों ने बहनों को उपहार भेंट कर जीवनभर उनके सुख-दुख में साथ देने का संकल्प लिया। रक्षाबंधन को लेकर कई दिनों से तैयारियां चल रही थीं। पर्व के दिन बहनें नए कपड़े पहनकर भाइयों के घर पहुंचीं। कहीं बहनें मायके पहुंचीं तो कहीं भाई अपनी बहनों के घर पहुंचे। राखी बांधने के बाद मिठाई खिलाकर एक-दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं दी गईं। लंबे समय बाद भाई-बहनों के मिलने से कई परिवारों में भावुक और खुशनुमा माहौल भी देखने को मिला। रक्षाबंधन को लेकर बाजारों में भी विशेष रौनक देखने को मिली। रंग-बिरंगी और आकर्षक राखियों के साथ मिठाई, कपड़े, गोला-नारियल तथा पूजन सामग्री की दुकानों पर लोगों ने खरीदारी की। पर्व के चलते दुकानदारों के चेहरे पर भी उत्साह नजर आया।

भाई की कलाई पर सजी राखी, बहनों ने मांगी सुख-समृद्धि की कामना



माचलपुर। भाई-बहन के पवित्र प्रेम, स्नेह और विश्वास का पर्व रक्षाबंधन शुक्रवार को नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही घरों में उत्साह का माहौल नजर आया। बहनों ने भाई की कलाई पर प्रेम और विश्वास की डोर बांधकर उनकी सुख-समृद्धि एवं दीर्घायु की कामना की। भाइयों ने भी बहनों की रक्षा और हर परिस्थिति में उनका साथ देने का संकल्प लेते हुए उपहार भेंट किए। रक्षाबंधन को लेकर पिछले कई दिनों से बाजारों में रौनक बनी हुई थी। शुक्रवार को सुबह से ही राखी, मिठाई, कपड़े, उपहार एवं पूजा सामग्री की दुकानों पर लोगों की भीड़ दिखाई दी। रंग-बिरंगी और आकर्षक राखियों ने विशेष रूप से लोगों को आकर्षित किया। बहनों ने अपनी पसंद की राखियां खरीदीं, वहीं बच्चों में भी रक्षाबंधन को लेकर खास उत्साह देखने को मिला। रक्षाबंधन पर बहनों ने भाई को तिलक लगाकर आरती उतारी और मिठाई खिलाई। इसके बाद भाई की कलाई पर राखी बांधी। भाइयों ने बहनों को उपहार देकर उनके प्रति अपने स्नेह का इजहार किया। कई परिवारों में बहनों के दूर रहने के कारण वीडियो कॉल और फोन के माध्यम से भी रक्षाबंधन की खुशियां साझा की गईं। रक्षाबंधन के पर्व ने एक बार फिर भाई-बहन के रिश्ते में स्नेह और अपनत्व की मिठास घोल दी। घर-घर में राखी की डोर के साथ रिश्तों की मजबूती और खुशियों का संदेश देखने को मिला।

राखियों से सजी भाइयों कि कलाइयां, प्रेम और विश्वास के बंधन में बंधे भाई-बहन

जीरापुर। भाई-बहन के अटूट प्रेम और स्नेह का पर्व रक्षाबंधन शुक्रवार को नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनकी सुख-समृद्धि एवं दीर्घायु की कामना की। भाइयों ने भी बहनों को उपहार भेंट कर उनकी रक्षा का संकल्प लिया। रक्षाबंधन को लेकर बाजारों में भी रौनक रही। राखी, मिठाई एवं उपहार की दुकानों पर दिनभर लोगों की भीड़ देखने को मिली। घरों में पारंपरिक रूप से पूजा-अर्चना कर बहनों ने भाइयों को तिलक लगाकर राखी बांधी और मिठाई खिलाई। पर्व को लेकर बच्चों और युवाओं में भी खासा उत्साह नजर आया।



मौसम का असरः सर्दी-खांसी, बुखार, दस्त-पेट दर्द के साथ गले के इंफेक्शन के मामले बढ़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

जिले में बदलते मौसम का असर लोगों की सेहत पर पड़ रहा है। तेज धूप, बादल और बारिश के कारण तापमान में लगातार उतार-चढ़ाव हो रहा है। इसका असर जिला अस्पताल की ओपीडी में भी दिखाई दे रहा है, जहां मौसमी बीमारियों के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ी है। अस्पताल में सुबह से ही मरीजों की लंबी कतारें लग रही हैं। सर्दी-खांसी, बुखार, गले में खराश और संक्रमण के साथ दस्त व पेट दर्द की शिकायत लेकर बड़ी संख्या में मरीज पहुंच रहे हैं। ओपीडी में मरीजों की रोजाना संख्या करीब 1000 तक पहुंच गई है।

चिकित्सकों के अनुसार कुछ समय पहले तक जिला अस्पताल की ओपीडी में रोजाना करीब 500 से 600 मरीज पहुंच रहे थे। इसके बाद मरीजों की संख्या बढ़कर 800 और अब करीब 1000 तक पहुंच गई है। मौसमी बीमारियों की चपेट में बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक सभी आयु वर्ग के लोग आ रहे हैं। दिन में धूप निकलने के बाद अचानक बादल छाने या बारिश होने से तापमान में तेजी से बदलाव हो रहा है। शरीर को बदलते तापमान के साथ सामंजस्य बिठाने में समय लगता है।

पसीना आने के बाद ठंडी हवा या बारिश के संपर्क में आने से सर्दी-जुकाम, खांसी और वायरल संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। बारिश के बाद वातावरण में नमी बढ़ने से बैक्टीरिया और वायरस के संक्रमण के लिए भी अनुकूल परिस्थितियां बनती हैं। जिला अस्पताल के मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. आकाश चौधरी ने बताया कि मौसम बदलने के साथ संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। इन दिनों सर्दी-जुकाम, खांसी, वायरल फीवर और गले में संक्रमण के मरीज लगातार सामने आ रहे हैं। इसके अलावा दस्त और पेट दर्द की शिकायत वाले मरीज भी अस्पताल पहुंच रहे हैं।

शिक्षक आवेदन करने को लेकर दुविधा में...

टीईटी परीक्षा की डेडलाइन करीब, जिले के शिक्षकों में असमंजस की स्थिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद शुरू हुई शिक्षक पात्रता परीक्षा की प्रक्रिया को लेकर नीमच की तरह मंदसौर जिले में भी प्राथमिक और माध्यमिक स्तर के कार्यरत शिक्षकों के बीच गहरा असमंजस बना हुआ है। कर्मचारी चयन मंडल द्वारा आवेदन की अंतिम तारीख 4 सितंबर तय की गई है, जबकि परीक्षा 12 अक्टूबर से शुरू होगी। इसके बावजूद विभागीय स्पष्टता न होने से शिक्षक आवेदन करने को लेकर दुविधा में हैं।

अंतिम तिथि और संशोधन

टीईटी 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तारीख 4 सितंबर है। आवेदन में त्रुटि सुधार के लिए 9 सितंबर तक का समय दिया गया है।

पात्रता को लेकर स्थिति अस्पष्ट

जिले में कार्यरत सेवारत शिक्षकों में इस बात को लेकर भ्रम है कि परीक्षा किन्हें देना अनिवार्य है और किसे छूट मिलेगी। 1998 से 2004 के बीच नियुक्त शिक्षकों, 2005 के बाद वालों तथा पूर्व में पात्रता परीक्षा पास कर चुके शिक्षकों की स्थिति श्रेणीवार स्पष्ट करने की मांग उठ रही है।

विशेष टीईटी आयोजित करने की मांगः शिक्षक संगठनों का कहना है कि वर्ष 2005 एवं उसके बाद पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण शिक्षकों को टीईटी उत्तीर्ण माना जाए। शेष शिक्षकों के लिए विभाग विशेष टीईटी आयोजित कर आजीविका सुरक्षित करें।

परीक्षा का प्रारूप

प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा में 150 प्रश्न (कुल 150 अंक) होंगे और समय अवधि 2 घंटे 30 मिनट रहेगी। इसमें गलत उत्तर के लिए कोई नकारात्मक अंकन नहीं रखा गया है। शिक्षकों की मांग है कि आवेदन की समय-सीमा नजदीक होने के कारण स्कूल शिक्षा विभाग को तत्काल श्रेणीवार स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए ताकि शिक्षक तनावमुक्त होकर अपनी तैयारी कर सकें।

इनका कहना है...

वर्ष 2005 एवं उसके बाद पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण शिक्षकों को टेट (टीईटी) उत्तीर्ण मानकर शेष शिक्षकों की विशेष टेट परीक्षा आयोजित कर शिक्षकों की आजीविका सुरक्षित करना चाहिए। विभाग ने सूची प्रकाशित कर स्पष्ट करना चाहिए कि किसे परीक्षा देना है। परीक्षा निःशुल्क हो, तैयारी हेतु शिक्षकों को शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त रखना चाहिए ताकि वे परीक्षा की तैयारी कर सकें।

रामचंद्र लोहार, प्रांतीय सह मीडिया प्रभारी मध्य प्रदेश शिक्षक संघ

लायन्स क्लब मन्दसौर द्वारा शिक्षक दिवस सेवानिवृत्त शिक्षकों के बीच धूमधाम से मनाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मन्दसौर

भूतपूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली डॉ सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन का जन्म दिन दिनांक 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस के रूप मे लायन्स क्लब मन्दसौर द्वारा मनाया जाएगा। क्लब अध्यक्ष डॉ. के. सी. श्रीमाल ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त हुए शिक्षकों को सम्मानित कर धूमधाम से मनाया जाएगा। मार्केटिंग एवं कम्युनिकेशन चेयरपर्सन लायन डॉ. देवेन्द्र पुराणिक ने बताया कि परंपरागत इस कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करते हुए दिनांक 1 सितम्बर 25 के पश्चात एवं दिनांक 31 अगस्त 26 तक शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान, नूतन हायर सेकेण्डरी स्कूल परिसर के सभागृह में प्रातः 9.15 बजे सभी सम्माननीय शिक्षकों का सम्मान किया जावेगा। इस आयोजन में मन्दसौर, सीतामऊ और मल्हारगढ़ तहसील के सेवानिवृत्त शिक्षक आमंत्रित हैं।

जिला पंचायत सीईओ जैन ने भालोट की श्री कृष्ण गौशाला का किया निरीक्षण

मंदसौर। शासन के महत्वपूर्ण मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान 2026 के अंतर्गत ग्राम पंचायत भालोट में जिला स्तरीय भ्रमण दल का आगमन हुआ। इस भ्रमण दल के मुखिया एवं जिला पंचायत सीईओ अनुकूल जैन ने अन्य विभागीय अधिकारियों के साथ गांव का विस्तृत दौरा किया। गौशाला व्यवस्थापक गोपाल गुंगावन ने बताया कि भ्रमण के दौरान जिला पंचायत सीईओ एवं अधिकारियों ने ग्राम भालोट स्थित श्री कृष्ण गौशालाका गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय गौशाला में व्यवस्थाओं, साफ-सफाई और गो-सेवा के उत्कृष्ट प्रबंधन को देखकर अधिकारियों ने अत्यंत प्रसन्नता व्यक्त की तथा गौशाला समिति एवं ग्राम पंचायत प्रशासन की खुलकर प्रशंसा की। इसके पश्चात आयोजित चौपाल में अधिकारियों ने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और ग्रामीणों को इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

पेंशनर महासंघ मंदसौर नगर इकाई की मासिक मिलन बैठक कल

मंदसौर। सेवानिवृत्त एवं पेंशनर नागरिक महासंघ नगर इकाई की मासिक मिलन बैठक 31 अगस्त को दोपहर 2.30 बजे पं. दीनदयाल उपाध्याय वृद्धजन सेवा केन्द्र मंदसौर पर आयोजित की जा रही है। बैठक में जिन विषयों पर चर्चा होगी उनमें प्रमुख शासन द्वारा पेंशनरों की मांगों पर अनदेखी की जा रही है पर कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देने पर चर्चा, स्थापना दिवस व सम्मान समारोह पर चर्चा, सदस्यता व अन्य संगठनात्मक विषय पर चर्चा होगी। साथ ही महंगाई राहत के लिए सहमति की बाध्यता समाप्त होने पर पूर्व विधायक यशपालसिंह सिसोदिया ने जो सहयोग किया है उसके लिए उनका सम्मान भी इस बैठक में किया जाएगा। पेंशनर महासंघ के कार्यकारी जिलाध्यक्ष श्रवणकुमार त्रिपाठी, उपाध्यक्ष रमेशचन्द्र चन्द्रे, जिला सचिव चन्द्रकान्त शर्मा, डेकेयर सेंटर समन्वयक डॉ देवेन्द्र पुराणिक, कोषाध्यक्ष कोमल वाणवार, नगर अध्यक्ष आनन्दीलाल पण्डया, नगर उपाध्यक्ष प्रभुदयाल शर्मा, नगर सचिव अशोक नागदा, डेकेयर सचिव राजेन्द्र पोरवाल ने मंदसौर नगर की सभी मोहल्ला इकाई के अध्यक्ष व सचिव से आग्रह किया है कि वे अपनी ईकाई के कार्यकारिणी के सभी बंधुओं को साथ में लेकर बैठक में आएं।

खबर संक्षेप

चोरी छुपाने 400 फीट गहरी खाई में फेंककर लगाई आग

देवास। सिया घाट की करीब 400 फीट गहरी खाई में ट्रक गिरने और उसमें आग लगने की घटना का देवास पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस जांच में सामने आया कि करीब 285 क्विंटल सोयाबीन चोरी करने के बाद वारदात को छुपाने के लिए ट्रक को खाई में फेंककर आग लगाई गई थी और इसे सड़क दुर्घटना का रूप देने की कोशिश की गई। जानकारी अनुसार 23 अगस्त को सिया घाट पर ट्रक के खाई में गिरने एवं आग लगने की सूचना मिलने पर कन्नौद पुलिस मौके पर पहुंची थी। घटना में किसी व्यक्ति के घायल नहीं होने और मामला संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस ने जांच शुरू की। एसपी पुनीत गेहलोद के निर्देशन में कन्नौद पुलिस ने ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत लगे सीसीटीवी कैमरों, तकनीकी साक्ष्यों एवं अन्य जांच के आधार पर मामले की पड़ताल की। जांच में सामने आया कि 21 अगस्त को ट्रक क्रमांक एमपी-04-एचई-4288 में 285 क्विंटल सोयाबीन भरकर हिंगनघाट, महाराष्ट्र भेजी गई थी। आरोप है कि ट्रक चालक और उसके साथियों ने करीब 19 लाख रुपए मूल्य की सोयाबीन चोरी कर ली। इसके बाद चोरी को छुपाने और झूठी दुर्घटना का रूप देने के लिए ट्रक को सिया घाट की गहरी खाई में फेंककर आग लगा दी गई। पुलिस ने मामले में ट्रक चालक आरोपी रहीश पिता इसूब खां, निवासी धनना, जिला शाजापुर को गिरफ्तार किया है। आरोपी की निशानदेही पर चोरी कर छुपाई गई सोयाबीन बरामद की गई है। कार्रवाई में उपनिरीक्षक राहुल रावत, प्रधान आरक्षक दीपक अग्निहोत्री, आरक्षक योगेंद्र सिंह की भूमिका रही।

महंगाई के खिलाफ कांग्रेस ने निकाली रैली

भौरासा। बढ़ती महंगाई के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को भौरासा नगर में जोरदार प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता छोटे हनुमान चौक पर एकत्रित हुए और हाथों में तख्तियां लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए रैली निकाली। रैली छोटे हनुमान चौक से शुरू होकर एमजी रोड और रपट मार्ग से होते हुए बड़े हनुमान चौक पहुंची। यहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन कर बढ़ती महंगाई को लेकर सरकार पर निशाना साधा। प्रदर्शन के दौरान ठेला गाड़ी पर गैस सिलेंडर, पेट्रोल, शक्कर सहित अन्य आवश्यक वस्तुओं को रखकर प्रतीकात्मक विरोध किया। कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां लेकर नारेबाजी की, जिससे नगर में कांग्रेस का प्रदर्शन चर्चा का विषय बना रहा। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पेट्रोल-डीजल के साथ खाद्य सामग्री और शक्कर सहित आवश्यक वस्तुओं के बढ़ते दामों से आमजन परेशान है। महंगाई के कारण गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों का घरेलू बजट बिगड़ रहा है। कार्यकर्ताओं ने आवश्यक वस्तुओं के दाम कम कर आमजन को राहत देने की मांग की। बड़े हनुमान चौक पर आयोजित सभा को पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नगजीराम यादव ने संबोधित किया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मिथुन यादव, नगर कांग्रेस अध्यक्ष जीवन सिंह ठाकुर सहित नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

नगर सहित ग्रामीण अंचलों में धूमधाम से मनाया रक्षाबंधन का पर्व, राखी की दुकानों पर रही भीड़

बहनों ने शुभ मुहूर्त में अपने-अपने भाइयों की कलाई पर बांधी राखी, भाइयों ने उपहार के साथ रक्षा का दिया वचन









रक्षाबंधन के दिन सुबह से ही बहनों का भाइयों के घर पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। हाथों में राखी और मिठाई लिए महिलाएं और युवतियां सड़कों पर दिखाई दीं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा/जावर

नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में शुक्रवार को रक्षाबंधन का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भाई-बहन के अटूट प्रेम और विश्वास का यह त्योहार पूरे उत्साह और उमंग के साथ संपन्न हुआ। सुबह से ही घरों में पर्व की तैयारियां शुरू हो गई थीं। आष्टा ब्लॉक के जावर, सिद्धिगंज, खाचरोद, कोठरी, भंवरा, बाग़ैर और मेहतवाड़ा जैसे ग्रामीण क्षेत्रों में भी रक्षाबंधन की धूम रही। शहर के बस स्टैंड बुधवारा, सब्जी मंडी, बड़ा बाजार और कन्नौद मार्ग पर राखी की दुकानों पर भारी भीड़ देखी गई। मिठाई और अन्य बाजारों में भी अच्छी खासी चहल-पहल रही। शुभ मुहूर्त में बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधी। उन्होंने भाइयों के सुखी, स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना की। इसके प्रत्युत्तर में, भाइयों ने भी बहनों को उपहार भेंट किए और जीवनभर उनकी रक्षा करने का संकल्प लिया।

कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा

कई घरों में बहनों ने पूजा की थाली सजाई, जिसमें रोली, अक्षत, दीपक, मिठाई और राखी शामिल थीं। उन्होंने भाई की आरती उतारी, माथे पर तिलक लगाया और फिर कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा। राखी बांधने के बाद भाइयों ने बहनों का मुंह मीठा कराया और उपहार देकर पर्व की खुशियां साझा कीं। रक्षाबंधन के दिन सुबह से ही बहनों का भाइयों के घर पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। हाथों में राखी और मिठाई लिए महिलाएं और युवतियां सड़कों पर दिखाई दीं। दूर रहने वाली कई बहनें परिवार के साथ वाहनों से पहुंचीं, जबकि आसपास की बहनों ने पैदल ही पहुंचकर राखी बांधी। कई परिवारों में भाई अपनी बहनों को लेने के लिए पहले ही उनके घर पहुंच गए थे।

बाजार में रही रौनक

पर्व को लेकर शहर के बाजारों में भी काफी रौनक रही। राखी की दुकानों पर सुबह से ही खरीदारी के लिए भीड़ उमड़ पड़ी। रंग-बिरंगी राखियों के साथ बच्चों के लिए कार्टून कैरेक्टर वाली और युवाओं के लिए आकर्षक डिजाइन वाली राखियां विशेष रूप से पसंद की गईं। मिठाई और उपहारों की दुकानों पर भी ग्राहकों की भीड़ रही, जहां लोगों ने मिठाई, ड्राई फ्रूट्स, कपड़े, घड़ियां और अन्य उपहार खरीदे। बाजारों में त्योहार की वजह से पूरे दिन चहल-पहल बनी रही रक्षाबंधन के अवसर पर घरों में भी विशेष तैयारियां की गईं। महिलाओं ने भाई और परिवार के सदस्यों के लिए तरह तरह के पकवान बनाए। कई घरों में पूड़ी, खीर, हलवा और अन्य पारंपरिक व्यंजन तैयार किए गए। राखी बांधने के बाद परिवार के सभी सदस्यों ने साथ बैठकर भोजन किया और पर्व की खुशियां मनाईं। शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी रक्षाबंधन का पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। गांवों में बहनें अपने भाइयों के घर पहुंचीं और पारंपरिक तरीके से राखी बांधी। कई परिवारों में रिश्तेदारों के एकत्र होने से माहौल उत्सव जैसा रहा।मिठाई की दुकानों पर दिनभर लोगों की आवाजाही बनी रही। रक्षाबंधन सिर्फ राखी बांधने का पर्व नहीं, बल्कि भाई-बहन के रिश्ते को मजबूत करने का अवसर भी है।

शासकीय कन्या हायर सेकंडरी स्कूल में पेड़ को बांधी राखी



रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शासकीय कन्या हायर सेकंडरी स्कूल आष्टा में "रक्षाबंधन–पेड़ को राखी" अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल के आदेश एवं कलेक्टर जिला सीहोर के निर्देशानुसार आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं समस्त स्टाफ ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। छात्राओं ने विद्यालय परिसर में स्थित पेड़ों को राखी बांधकर "पेड़ बचाओ–जीवन बचाओ" का संदेश दिया तथा पेड़ों और पर्यावरण की रक्षा करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर संस्था प्राचार्य अजब सिंह राजपूत ने कहा कि पेड़ केवल प्रकृति की सुंदरता नहीं, बल्कि मानव जीवन का आधार हैं। रक्षाबंधन जैसे पवित्र पर्व को पर्यावरण संरक्षण से जोड़कर समाज में प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता और जिम्मेदारी की भावना को मजबूत किया जा सकता है। उन्होंने छात्राओं से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने का आह्वान किया।कार्यक्रम में देवीसिंह मालवीय, हबीब खान, धर्मपाल महेश्वरी, जितेंद्र गुठानिया, मनोज कुमार बाकड़े, आरिफ सिद्दीकी, मोहम्मद फारूक, जयप्रकाश नागलिया, श्रीमती रीना पीटर, संगीता मालवीय, नीलिमा बैरागी, अर्चना माथुर,अश्विनी मालवीय, कल्लू बरकरे, गजेंद्र शर्मा, नरेंद्र सिंह राजपूत सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं छात्राएं उपस्थित रही। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए संदेश दिया कि राखी का यह बंधन केवल भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक नहीं, बल्कि प्रकृति और मानव जीवन के बीच अटूट रिश्ते का भी संदेश है।"पेड़ सुरक्षित रहेंगे, तभी जीवन सुरक्षित रहेगा।

एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर मनाया रक्षाबंधन का त्योहार



जावर। भाई बहन का त्यौहार रक्षाबंधन का पर्व जावर सहीत आसपास के क्षेत्रों में उत्साह के साथ मनाया गया। भाइयों की कलाइयों पर रक्षा सूत्र बांधा। बहन भाई का यह पवित्र रिश्ता आपसी प्रेम भाव और इस्नेह से भरा है।त्योहार पर बहनों ने तिलक लगाकर रक्षा सूत्र बांधकर मिठाई खिलाते हुए लंबी आयु की कामना भी की। इस दौरान भाइयों ने भी अपनी बहनों को कई तरह के उपहार देकर उनकी रक्षा करने का संकल्प लिया।

विद्यालय में खेल प्रतियोगिताओं का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर के सांदीपनि (सी.एम. राइज़) शासकीय उमावि आष्टा में 29 अगस्त को महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया। प्राचार्य सितवत खान ने बताया कि यह दिन भारत की समृद्ध खेल विरासत और हमारे एथलीटो की उपलब्धियों का जष्न मनाता है, जिन्होंने वैष्विक मंच पर देष को गौरवांवित किया है। इसी दिन वर्ष 2019 में माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा ''फिट इंडिया मूवमेंट'' प्रारंभ किया गया था।

खेलों से अनुशासन, आत्मविश्वास, धैर्य, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता जैसे गुणों का विकास होता है। खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण भाग है। ये केवल मनोरंजन का साधन ही नही बल्कि खेलों से शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास भी होता है। वर्तमान युग में खेलों को दिनचर्या में शामिल करके हम तनावमुक्त रह सकते है। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर न केवल छात्र-छात्राओं बल्कि शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में जोर आजमाईश करी। इस अवसर पर रस्साकशी, चम्मच दौड़, कबड्डी, क्रिकेट एवं अन्य खेलों का आयोजन किया गया। प्राचार्य द्वारा न केवल छात्र-छात्राओं बल्कि विजेता, शिक्षक शिक्षिकाओं को भी पुरूस्कृत किया गया। उन्होंने कहा कि विद्यालय में नियमित रूप से खेल गतिविधियां होती है, इसी का परिणाम है, कि विद्यालय के विद्यार्थी राष्ट्रीय, राज्य, संभाग और जिला स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। विद्यालय में विभिन्न प्रकार की खेल सामग्री उपलब्ध है और आवश्यकता अनुसार अन्य खेल सामग्री की भी व्यवस्था की जाएंगी। चम्मच दौड़ प्रतियोगिता में माध्यमिक स्तर पर पायल को प्रथम, संध्या को द्वितीय और अनुष्का को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। हाई स्कूल स्तर पर तनिषा को प्रथम, निकिता मालवीय को द्वितीय, अनुराधा मालवीय को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। हायर सेकंडरी स्तर पर प्रतिज्ञा ठाकुर को प्रथम, रेणुका धनवाल को द्वितीय और रेखा विश्वकर्मा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इस आयोजन में विकासखण्ड क्रीड़ा समन्वयक डी.एस. मांडवा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से प्राचार्य सितवत खान, विद्यालय के शिक्षकों और विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर के वृक्षों को राखी बांधकर उनकी रक्षा का संकल्प भी लिया।

विधायक ने समाज सेवा, भाईचारे और बहनों के मान-सम्मान व सुरक्षा का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



पवित्र रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर शनिवार को प्रजापति ब्रह्मकुमारी संस्था शांति सरोवर आष्टा शाखा की प्रमुख कुसुम दीदी के नेतृत्व में बहनों ने विधायक गोपालसिंह इंजीनियर को विधायक कार्यालय पहुंच कर रक्षाबंधन पर्व पर विधायक को राखी बांधकर उनकी दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य एवं जनसेवा के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर शांति सरोवर की बहनों ने विधायक इंजीनियर के मस्तक पर तिलक लगाकर रक्षासूत्र बांधा तथा उन्हें रक्षाबंधन पर्व के आध्यात्मिक एवं सामाजिक महत्व से अवगत कराया।

बहनों ने कहा कि रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के स्नेह का पर्व नहीं, बल्कि प्रेम, विश्वास, सुरक्षा, संस्कार एवं मानवीय मूल्यों को मजबूत करने का भी संदेश देता है। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने ब्रह्मकुमारीज बहनों से राखी बंधवाते हुए सभी बहनों एवं क्षेत्रवासियों को रक्षाबंधन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में रक्षाबंधन का विशेष महत्व है और यह पर्व समाज में आपसी प्रेम, सद्भाव एवं भाईचारे की भावना को मजबूत करता है। विधायक इंजीनियर ने कहा कि नारी शक्ति का मान, सम्मान और उनकी सुरक्षा हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। रक्षाबंधन का यह पवित्र पर्व हमें समाज सेवा, पारिवारिक मूल्यों एवं एक-दूसरे के सम्मान की भावना को जीवन में अपनाने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर ब्रह्मकुमारीज संस्था से जुड़ी बहनों एवं अन्य उपस्थितजनों ने विधायक श्री इंजीनियर को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल एवं स्वस्थ जीवन की कामना की।

भुजरिया पर्व पर कुशवाहा समाज ने निकाला चल समारोह

बैंड-बाजे, ढोल-नगाड़ों और डांडिया-बिनाकी के साथ निकला जुलूस

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी कुशवाहा समाज द्वारा रक्षाबंधन एवं भुजरिया पर्व बड़े ही हर्षोल्लास, श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर में कुशवाहा समाज द्वारा भव्य भुजरिया चल समारोह निकाला गया, जिसमें समाज की मातृशक्ति एवं बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए।चल समारोह का शुभारंभ सर्वप्रथम भगवान लव-कुश की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इसके पश्चात शास्त्री स्कूल, दर्जीपुरा, बुधवारा क्षेत्र से बैंड-बाजे, ढोल-नगाड़ों एवं आकर्षक डांडिया-बिनाकी के साथ भव्य जुलूस प्रारंभ हुआ। समाज की माताएं एवं बहनें अपने सिर पर भुजरिया धारण कर नाचते-गाते हुए चल रही थीं। पूरे मार्ग में धार्मिक एवं पारंपरिक उत्साह का अद्भुत दृश्य देखने को मिला।

भुजरिया चल समारोह अध्यक्ष अमरचंद कुशवाहा पटेल के नेतृत्व में विशाल जुलूस नगर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ श्रीराम मंदिर, खत्री मार्केट, परदेसीपुरा एवं अस्पताल चौराहा पहुंचा। जगह-जगह समाजजनों एवं विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं राजनीतिक संगठनों द्वारा चल समारोह का आत्मीय स्वागत किया गया। अस्पताल चौराहा पहुंचने पर सकल हिंदू समाज के संयोजक मुकेश नामदेव, विभिन्न समाजों के अध्यक्षगण, कैलाश परमार मित्र मंडली, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा सहित सामाजिक, धार्मिक एवं राजनीतिक संगठनों के पदाधिकारियों ने भुजरिया जुलूस का पुष्पमालाओं एवं साफा पहनाकर भव्य स्वागत एवं सम्मान किया।इस अवसर पर भुजरिया जुलूस अध्यक्ष अमरचंद कुशवाहा पटेल, उपाध्यक्ष मना बाबू कुशवाहा, सकल हिंदू समाज अध्यक्ष एवं कुशवाहा समाज जिला अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा पूर्व पार्षद, कुशवाहा समाज पटेल दलकिशोर कुशवाहा, मनोज कुशवाहा, राजकुमार कुशवाहा ठेकेदार, कुशवाहा समाज बड़ी पंचायत पटेल जगदीश कुशवाहा, भुजरिया जुलूस अध्यक्ष रुद्राक्ष कुशवाहा एवं समाज अध्यक्ष रवि कुशवाहा का पुष्पमालाओं एवं साफा पहनाकर सम्मान किया गया।चल समारोह में नेमचंद्र कुशवाहा, ताराचंद कुशवाहा, खुशीलाल कुशवाहा पटेल, बंशीलाल कुशवाहा, जितेंद्र कुशवाहा, ऋषि कुशवाहा, राहुल कुशवाहा, रघुनाथ कुशवाहा, आनंद कुशवाहा, भागीरथ कुशवाहा, गणेश कुशवाहा, दीपचंद कुशवाहा, जगदीश कुशवाहा, नारायण कुशवाहा, प्रकाश कुशवाहा, धनरूप कुशवाहा, गुलाब कुशवाहा, शंकर कुशवाहा, सीताराम कुशवाहा, पारस कुशवाहा, राजेश कुशवाहा ठेकेदार, मुकेश आर्य,लखन सेन, धन्ना लाल कुशवाहा, सुनील परमार, सचिव परमार, विनोद जयसवाल, रमेश मालवीय, मधुसूदन धरवा, दुलीचंद कुशवाहा रवि कुशवाहा, रामप्रसाद प्रजापति,बालमुकुंद कुशवाहा, कमल कुशवाहा, दिनेश कुशवाहा, विनोद कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। वहीं कुशवाहा समाज की माताओं एवं बहनों की भी उल्लेखनीय सहभागिता रही।इस अवसर पर सकल हिंदू समाज अध्यक्ष एवं कुशवाहा समाज जिला अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा पूर्व पार्षद ने भुजरिया चल समारोह का जगह-जगह स्वागत एवं सम्मान करने वाले सभी सामाजिक, धार्मिक एवं राजनीतिक संगठनों, समाज प्रमुखों एवं मित्र मंडलियों का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आष्टा नगर की सामाजिक समरसता, आपसी भाईचारा और सभी समाजों की एकजुटता ही नगर की सबसे बड़ी ताकत है।

भुजरिया के जुलूस का हिउस ने किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

कुशवाहा समाज, यादव समाज एवं प्रजापति समाज के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को आष्टा नगर में बैंड-बाजों के साथ भुजरिया का जुलूस निकाला गया। जुलूस नगर के विभिन्न मार्गों से होता हुआ पार्वती नदी के घाट पर जवारे विसर्जन के साथ संपन्न हुआ। जगह-जगह नगरवासियों ने पुष्पवर्षा कर चल समारोह का स्वागत किया। चल समारोह का हिन्दूत्सव समिति आष्टा द्वारा स्वागत किया। हिन्दूत्सव समिति के अध्यक्ष नारायण सिंह मुकाती के नेतृत्व में चल समारोह के अध्यक्षगणों का साफा बांधकर एवं दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी शेषनारायण मुकाती, पयर्व मार्केटिंग अध्यक्ष कृपालसिंह पटाडा, ललित नागौरी, राजा पारख, पूर्व हिन्दूत्सव समिति अध्यक्ष संजय सोनी, बंटू भाई, चंदरसिंह मेवाड़ा, डॉ. राजेन्द्र जैन, एडवोकेट बी.एस. वर्मा, आदेश जैन, तेजसिंह पाटीदार, आनंद गोस्वामी आदि उपस्थित रहे।